आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 21.12.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जी–राम जी विधेयक को ग्रामीण रोजगार और गांव के समग्र विकास के लिए ऐतिहासिक कदम बताया।
- आई टी मंत्रालय ने घोस्ट पेयरिंग साइबर कैंपेन के जरिए व्हाट्सऐप अकाउंट के हैक होने का खतरा बताया–यूजर्स को सतर्क रहने की सलाह दी।
- उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने राष्ट्रीय पल्स पोलियो दिवस पर बच्चों को पोलियो मुक्त रखने के लिए सतर्कता पर जोर दिया।
- डिगलीपुर में ग्राम सभा सहभागिता और निर्णय क्षमता को सुदृढ़ बनाने के लिए महिला नेतृत्व सशक्तिकरण पर ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कृषि और किसान कल्याण विधेयक किसानों और श्रमिकों के लिए लाभकारी है और यह गांवों के विकास से जुड़ा हुआ है। उन्होंने यह बात कल नई दिल्ली में चौधरी चरण सिंह पुरस्कार समारोह में कही। श्री चौहान ने कहा कि उनका मंत्रालय आगामी बजट के लिए कृषि क्षेत्र संबंधी सुझाव आमंत्रित कर रहा है ताकि एक मजबूत प्रणाली तैयार की जा सके। श्री चौहान ने कहा योजनाओं को प्रभावी ढंग से तैयार करने के लिए किसानों, विशेषज्ञों और कृषि वैज्ञानिकों को साथ लाने के लिए ही चिंतन शिविर की शुरुआत की गई है।

केंद्र सरकार ने भारत की ग्रामीण रोजगार व्यवस्था में व्यापक बदलाव का प्रस्ताव रखते हुए विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक, 2025 अर्थात् जी–राम जी पारित किया है। यह विधेयक लगभग दो दशक पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का स्थान लेगा, जो विकसित भारत दो हजार सैंतालीस के अनुरूप तैयार किया गया है।

<><><><><><><>

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एक चेतावनी जारी की है। इसमें बताया गया है कि घोस्ट पेयरिंग नाम के एक साइबर कैंपेन का इस्तेमाल व्हाट्सऐप अकाउंट को हैक करने के लिए किया जा रहा है। मंत्रालय के अनुसार, साइबर अपराधी बिना किसी सत्यापन के पेयरिंग कोड का इस्तेमाल करके

व्हाट्सऐप के डिवाइस–लिंकिंग फीचर के जरिए अकाउंट को हैक कर रहे हैं। यह धोखाधड़ी आमतौर पर तब शुरू होती है जब आपको किसी जानकार नंबर से फोटो भेजा जाता है और इसे देखने की अपील का मैसेज आता है। इस मैसेज में एक लिंक होता है, जो फेसबुक जैसे प्रीव्यू के साथ आता है और आगे फोन नंबर से जुड़ी एक वेरिफिकेशन प्रक्रिया की ओर ले जाता है। मंत्रालय ने बताया कि इस तरीके से साइबर अपराधी को बिना पासवर्ड या सिम स्वैप किए बिना पीड़ित के व्हाट्सऐप अकाउंट का पूरा एक्सेस मिल जाता है। मंत्रालय ने लोगों से संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करने और बाहरी साइटों पर कभी भी अपना फोन नंबर दर्ज नहीं करने की सलाह दी है।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय की ओर से मरीना पार्क में दो दिवसीय द्वीप संगीत महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव मे पहले दिन जापानी समूह 'ड्रम ताओ' ने आकर्षक प्रस्तुति दी। कल दूसरे दिन गायक सुभदीप दास चौधरी ने अपने गायन से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस महोत्सव में पूरे द्वीपसमूह से भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

दीनदयाल अंत्योदय योजना–एन आर एल एम के तहत लिटिल अंडमान के रामकृष्णापुर गांव में पिछले दिनों तीन दिवसीय स्वयं सहायता समूह मेला आयोजित किया गया। उद्घाटन अवसर पर क्षेत्र के प्रमुख परमनाथन ने एस एच जी सदस्यों को उत्पाद विविधीकरण के लिए प्रेरित किया। मेले में तीस स्टॉल लगाए गए हैं, जहां हस्तनिर्मित व स्थानीय उत्पाद प्रदर्शित किए गए। एक ही दिन में दो दशमलव एक पांच लाख रुपये से अधिक की बिक्री दर्ज की गई। मेला का आज समापन हो जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार द्वीपसमूह के उपराज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने अपने संदेश में कहा कि भारत ने जनवरी दो हजार ग्यारह में वाइल्ड पोलियो वायरस के उन्मूलन में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की, जिसे मार्च दो हजार चौदह में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा पोलियो–मुक्त प्रमाणन प्रदान किया गया। इस उपलब्धि को बनाए रखने के लिए सतत सतर्कता और सामूहिक जिम्मेदारी आवश्यक है। पोलियो वायरस के पुनः प्रवेश के किसी भी जोखिम से बचाव के उद्देश्य से आज राष्ट्रीय पल्स पोलियो दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान पांच वर्ष आयु वर्ग तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी। उप–राज्यपाल ने पंचायती राज संस्थाओं, गैर–सरकारी संगठनों, सामुदायिक नेताओं तथा जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं से इस

अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि सभी के संयुक्त प्रयास से इस पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए भारत को पोलियो–मुक्त बनाए रखना सुनिश्चित किया जा सकता है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में आज राष्ट्रीय पल्स पोलियो दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान शून्य से पांच वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को बूथों पर दो बूंद पोलियो वैक्सीन की खुराक पिलाई जाएगी। इसके बाद स्वास्थ्य कर्मी अगले दो दिनों तक घर–घर जाकर छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण करेंगे। इस अभियान में लगभग बीस हजार छः सौ छियासठ बच्चों को टीका लगाए जाने का अनुमान है। इसके लिए पूरे द्वीपसमूह में चार सौ नवासी बूथ स्थापित किए गए हैं, जिनमें हवाई अड्डों, समुद्री बंदरगाहों और अन्य ट्रांजिट प्वाइंट्स पर बने बूथ भी शामिल हैं। पांच वर्ष आयु वर्ग तक के बच्चों वाले पर्यटकों को भी इस कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा। स्वास्थ्य सेवा निदेशक ने आम जनता से अपील की है कि वे अपने बच्चों को नजदीकी बूथ पर लाकर पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं, ताकि शत–प्रतिशत बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित किया जा सके।

<><><><><><>

सीडी ब्लॉक डिगलीपुर की ओर से कल ग्राम पंचायत सुभाषग्राम में ग्रामीण शासन में महिला नेतृत्व सशक्तिकरण विषय पर ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय ग्राम सभा में सहभागिता और निर्णय प्रक्रिया रहा, जिसका उद्देश्य निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूह और सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों की नेतृत्व क्षमता को मजबूत करना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्र के खंड विकास अधिकारी एम. राजेंद्र कुमार ने ग्रामीण समाज की सामाजिक–आर्थिक संरचना में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। बीपीएम रंजीता कबीराज ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर विस्तृत जानकारी देते हुए स्थानीय शासन में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता पर जोर दिया। तकनीकी सत्र का संचालन ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्थान एवं शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय की डोमेन विशेषज्ञ सी. विजय ने किया। कार्यक्रम के दौरान संवादात्मक चर्चा और फीडबैक सत्र का भी आयोजन किया गया।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसायटी की ओर से हाल ही में उद्योग विभाग में सुविधा स्तर के कर्मचारियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए स्वास्थ्य सेवा निदेशक व ए एन ए सी एस के उपाध्यक्ष डॉ. एच.एम. सिद्धाराजू ने प्रभावी परामर्श की आवश्यकता पर जोर दिया। परियोजना निदेशक डॉ. सुब्रत साहा ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों की जानकारी दी।

**<><><><><><><>**